>

Title : Need to open the Railway Gate No. 93 on Ahmedabad-Khedbrahma railway line in Himmat Nagar, Gujarat for the benefit of villagers of the area.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि मेरे लोकसभा क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) में जो रेल लाइन हिम्मत नगर से गुजरती है वह अहमदाबाद से खेड़ब्रह्म तक जाती है, जिसमें बनी एक फाटक संख्या 93 पूर्ण रूप से बंद कर दी गई है तथा इस फाटक के दोनों ओर रेलवे विभाग द्वारा गढ्ढा बनाकर छोड़ देने से लगभग बीस हजार किसान एवं अन्य ग्रामवासियों का जीवनयापन करना अत्यन्त मुश्किल हो गया है। हिम्मत नगर के पास वाले गांव वक्तपुर, लोलासण, कनाइ, गढ़ा आदि अनेक ग्राम, फाटक संख्या 93 के सुचारू रूप से खुलने एवं वहां बने गड्ढे को भर देने से अत्यन्त लाभान्वित होंगे। अतः मैं मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इस कार्य को यथाशीघ्र कराने हेतु उचित दिशा निर्देश जारी करें।